Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

Title: Need to run Marudhar Express between Jodhpur and Varanasi via Lucknow.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, जोधपुर से लखनऊ-वाराणसी के बीच मरूधर एक्सप्रैस गाड़ी गत कई वर्ों से जयपुर, बांदीकुई, अलवर, मथुरा होती हुई लखनऊ जाती है तथा लौटते में लखनऊ से मथुरा, अलवर, बांदीकुई, जयपुर होती हुई जोधपुर पहुंचती है। गत कुछ सप्ताह से मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर के यात्री इस बात से चिन्तित हैं कि रेल प्रशासन अब इस गाड़ी का अलवर-मथुरा मार्ग पर आना बंद करना चाह रहा है।

ऐसी स्थिति में अलवर के यात्रियों को मथुरा, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बनारस तथा उससे आगे जाने की सुविधा से वंचित होना पड़ेगा। अलवर, मथुरा की इस ब्राडगेज लाइन पर कोई सवारी गाड़ी नहीं रह जायेगी।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से क्षेत्र की जनता की ओर से प्रार्थना करता हूं कि मरूधर एक्सप्रैस को अपने वर्तमान में चलने वाले रास्ते पर ही यथावत रखा जाए।